मतदान केंद्रो पर विशेष शिविर का आयोजन 12 जनवरी को

सीतामढ़ी, संस : डुमरा प्रखंड परिसर में गुरुवार को 28- सीतामढ़ी विधानसभा क्षेत्र की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में सभी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह एसडीओ सदर कुमार गौरव ने सभी बीएलओ को अपने मतदान केंद्रों पर 12 जनवरी को आयोजित विशेष शिविर में मौजूद रहकर कार्य करने का सख्त निर्देश दिया।

इसके साथ ही चेतावनी दी कि जो अपनें मतदान केंद्रो से अनुपस्थित पाए जाएगें, उनपर प्राथमिकी दर्ज होगी। उन्होंने समीक्षात्मक बैठक में अनुपस्थित बीएलओ से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। अवर निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार ने बीएलओ को इपिक अनुपात व जेंडर अनुपात के अलावा सभी उम्र के लोगों के अनुपात पर विशेष ध्यान देने की बात कही। शिविर में नए आवेदन जमा करने पर ध्यान देना है। मौके पर सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी सह बीडीओ मुकेश कुमार, सहायक सुशील कुमार सिंह, बिंदेश्वर चौधरी के साथ क्षेत्र के बीएलओ मौजूद थे।

Scanned by CamScanner